For more job news visit : www.kpscvaani.com

भारत सरकार Government of India
अंतरिक्ष विभाग Department of Space
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन Indian Space Research Organization
इस्ट्रैक, बेंगलूरु ISTRAC, Bengaluru

Advt. No.ISTRAC:01:2026 दिनांक: जून/June 22, 2026

वर्ष 2026-27 के लिए स्नातक, डिप्लोमा और ट्रेड प्रशिक्षु नियुक्त करने के बारे में। ENGAGING GRADUATE, DIPLOMA & TRADE APPRENTICES FOR THE YEAR 2026-2027 - reg.

****

अंतरिक्ष विभाग के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतर्गत इसरो दूरमिति अनुवर्तन तथा आदेश संचारजाल (इस्ट्रैक) प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 और 1963 के संशोधित अधिनियम के तहत व समय समय पर बी. ई. / बी. टेक, अभियांत्रिकी में डिप्लोमा, वाणिज्यिक अभ्यास में डिप्लोमा और आई टी आई के साथ निम्नलिखित ट्रेडों में एक वर्ष की प्रशिक्षुता प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

ISRO Telemetry Tracking & Command Network, Bengaluru under Indian Space Research Organization (ISRO) of Department of Space, invites application for Apprenticeship for one-year training in the following Trades with B.E./ B. Tech, Diploma in Engineering, Diploma in Commercial Practice and ITI under the Apprentices Act 1961 and Amendment Act of 1963, & from time to time.

स्नातक प्रशिक्षु प्रशिणार्थी / Graduate Apprentice Trainee

क्र.सं. Sl No	**Post Code**	**अभियांत्रिकी/ प्रौद्योगिकी (विषय) की शाखा/Branch of Engineering / Technology (Discipline)**	**प्रशिक्षण का स्थान Location of Training**	**पदों की संख्या No of Positions**	**मासिक वृत्तिका (रुपये) Monthly Stipend (Rs.)**	**आवश्यक अर्हता Essential Qualification**
1	GA01	Computer Science Engineering and allied branches	Bengaluru	20	₹ 12,300/-	**किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में बी.ई / बी. टेक B.E/B.Tech in concerned discipline from any recognized University.**
			Lucknow	2		
			Sri Vijaya Puram	1		
2	GA02	Electronics and Communication Engineering and allied branches	Bengaluru	20		
			Lucknow	5		
			Sri Vijaya Puram	3		
3	GA03	Electrical and Electronics Engineering and allied branches	Bengaluru	2		
			Lucknow	1		
4	GA04	Mechanical Engineering and allied branches	Bengaluru	3		
			Lucknow	1		
5	GA05	Civil Engineering	Bengaluru	1		
6	GA06	B.Sc. (CS/IT)	Sri Vijaya Puram	1		
7	GA07	Library Science	Bengaluru	1	₹ 12,300/-	**एम.एल.आई.एससी (पुस्तकालय और सूचना विज्ञान MLISc. (Library and Information Science)**
			Lucknow	1		

For more job news visit : www.kpscvaani.com

डिप्लोमा प्रशिक्षु प्रशिणार्थी / Diploma Apprentice Trainee						
क्र.सं. Sl No	Post Code	अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी (विषय) की शाखा/Branch of Engineering/ Technology (Discipline)	प्रशिक्षण का स्थान Location of Training	पदों की संख्या No of Positions	मासिक वृत्तिका (रुपये) Monthly Stipend (Rs.)	आवश्यक अर्हता Essential Qualification
1	DA01	Mechanical Engineering and allied branches	Bengaluru	2	₹ 10,900/-	संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड द्वारा प्रदत्त अभियांत्रिकी में डिप्लोमा Diploma in Engineering awarded by recognized State Board in the respective field.
			Lucknow	1		
2	DA02	Electrical and Electronics Engineering and allied branches	Bengaluru	1		
			Lucknow	1		
			Sri Vijaya Puram	1		
3	DA03	Electronics and Communication Engineering and allied branches	Bengaluru	4		
			Lucknow	1		
			Sri Vijaya Puram	1		
4	DA04	Civil Engineering and allied branches	Bengaluru	1		
5	DA05	Computer Science Engineering and allied branches	Bengaluru	5		
			Lucknow	1		
			Sri Vijaya Puram	1		
6	DA06	Commercial Practice	Bengaluru	5		
ट्रेड आई टी आई Trade ITI						
क्र.सं. Sl No	Post Code	अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी (विषय) की शाखा Branch of Engineering/ Technology (Discipline)	प्रशिक्षण का स्थान Location of Training	पदों की संख्या No of Positions	मासिक वृत्तिका (रुपये) Monthly Stipend (Rs.)	आवश्यक अर्हता Essential Qualification
1	TA01	Electronics Mechanic	Bengaluru	3	₹ 9,600/-	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में आई टी आई ITI in concerned discipline from any recognized University.
			Lucknow	1		
2	TA02	Machinist	Bengaluru	1		
3	TA03	Electrical	Bengaluru	1		
4	TA04	IT-TSM	Sri Vijaya Puram	1		
5	TA05	Fitter	Sri Vijaya Puram	1		

For more job news visit : www.kpscvaani.com

2. **अर्हता मानदण्ड Eligibility Criteria:**

a. अभियांत्रिकी स्नातक अथवा अभियांत्रिकी और वाणिज्यिक अभ्यास तथा आईटीआई/अधिसूचित विषय के ट्रेड में डिप्लोमा धारक और जिन्होंने केवल **वर्ष 2024, 2025 एवं 2026** में पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया है, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं अर्थात यदि वे डिग्री प्राप्त करने के केवल 3 वर्ष के अंदर प्रशिक्षुता में प्रवेश करते हैं (अर्थात निर्धारित डिग्री प्रमाणपत्र उत्तीर्ण करने के माह व वर्ष से 3 वर्ष) और यदि प्रशिक्षुता में प्रवेश करने से पहले यह समय सीमा समाप्त हो जाती है, तो उम्मेदवारी/प्रस्ताव रद्द कर दिया जायेगा।
The engineering Graduates or Diploma Holders in Engineering and Commercial Practice and ITI/Trade in the notified discipline and WHO HAVE PASSED OUT DURING THE YEAR, **2024 2025 and 2026** are only eligible to undergo apprenticeship i.e. only if they join within 03 years of acquiring the Degree (i.e. 03 Years from the month and year of passing as specified in the Degree certificate) and if this time limit is elapsed any time before reporting for joining, the candidature/offer shall be cancelled.

b. अभ्यर्थी को **nats.education.gov.in** में अपना नाम अनिवार्य रूप से पंजीकृत करना है और आवेदन फॉर्म में **एनएटीएस नामांकन संख्या** भरनी है। गैर पंजीकृत अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकार कर दिये जायेंगे। The Candidate should compulsorily register their names at **nats.education.gov.in** and **NATS Enrollment Number should be filled in the application form.** Non-registered candidates are likely to be rejected.

3. **आवेदन करने का तरीका / How to apply:**

❖ आवेदन केवल ईमेल द्वारा स्वीकार की जायेंगी। Applications shall be received through email only,

❖ अधिसूचित पदों तथा स्थानों के लिए समर्पित ईमेल निम्नांकित हैं। Dedicated email, for the notified post and location is provided below:

क्र.सं. Sl. no	केन्द्र Centre	ई-मेल आई डी e-mail Id
01	ISTRAC, Bengaluru	apprmt_blr@istrac.gov.in
02	ISTRAC, Lucknow	apprmt_lko@istrac.gov.in
03	ISTRAC, Sri Vijaya Puram	apprmt_ixz@istrac.gov.in

❖ अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें। Candidates are advised to attach their :

1) अंतिम डिग्री/डिप्लोमा/आईटीआई प्रमाणपत्र Final Degree/Diploma/ITI Certificate

उदाहरण के लिए For Example:

स्नातक प्रशिक्षु Graduate Apprentice	-	डिग्री प्रमाणपत्र Degree Certificate
डिप्लोमा प्रशिक्षु Diploma Apprentice	-	डिप्लोमा प्रमाणपत्र Diploma Certificate
तकनीशियन प्रशिक्षु Technician Apprentice	-	आईटीआई प्रमाणपत्र ITI Certificate

यदि डिग्री/डिप्लोमा/आईटीआई प्रमाणपत्र प्रतीक्षित है तो अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची संलग्न करें।
If Degree/Diploma/ITI certificate is awaited then the final year/semester marks sheet can be attached.

2) कक्षा X और प्री-यूनिवर्सिटी अंकसूची/प्रमाणपत्र Class X and Pre-University Marks Card/Certificates.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

3) **एनएटीएस नामांकन आईडी NATS Enrollment Number**.

- विषय की पंक्ति में अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से '**पोस्ट कोड**' का उल्लेख करना है और ईमेल के मुख्य भाग में अभ्यर्थी को स्पष्ट रूप से अपना नाम; संपर्क नंबर; डिग्री/डिप्लोमा/आईटीआई विवरण; उत्तीर्ण वर्ष तथा एनएटीएस नामांकन आईडी लिखना है। In the subject line candidate should mandatorily mention the '**Post Code**' and in the body of the e-mail, candidates should clearly mention Name; Contact Number; Degree/Diploma/ITI Details; Passing Year and NATS Enrollment ID.

उदाहरण के लिए For Example:
यदि कोई अभ्यर्थी इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार अभियांत्रिकी (ईसीई) में लखनऊ में ग्रेजुएट अप्रेंटिस पद के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे विषय की पंक्ति में 'पोस्ट कोड जीए02 के लिए आवेदन' लिखना है तथा ई-मेल के मुख्य भाग में आवश्यक विवरण दर्ज करने हैं।
If the candidate wishes to apply for Graduate Apprentice in Electronics and Communication Engineering (ECE) for posting at Lucknow, then in the subject line he should mention "Application for Post Code: GA02" and in the body of the e-mail he should indicate:

a. नाम Name:
b. डिग्री Degree:
c. विषय Discipline:
d. उत्तीर्ण करने का वर्ष Passing Year:

आवेदन ईमेल apprmt_lko@istrac.gov.in पर भेजे जाने चाहिए। The application should be forwarded to apprmt_lko@istrac.gov.in

यदि अभ्यर्थी बेंगलूरु में भी उक्त पद के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे वही विवरण ई-मेल आईडी apprmt_blr@istrac.gov.in पर भी भेजना है और इसी प्रकार अन्य स्थानों के लिए भी प्रक्रिया अपनाई जायेगी ।

If the candidate wants to apply for the post at Bengaluru also, then he has to forward the same details to email ID apprmt_blr@istrac.gov.in and so on…

- **ई-मेल द्वारा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 31/07/2026 है। Last date to receive the e-mail application is 31/07/2026.**

4. <u>चयन प्रक्रिया Selection Procedure:</u>

आवेदनों की छँटनी / संवीक्षा की जायेगी और अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन / साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा और अभ्यर्थियों का डिग्री / डिप्लोमा / आईटीआई के स्तर पर शैक्षणिक प्राप्तांकों और साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर पैनल तैयार किया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों के रिक्त पदों पर प्रशिक्षुओं की भर्ती सख्त रूप से पैनल में उनकी स्थिति के आधार पर की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को केवल ईमेल द्वारा सूचित किया जायेगा। **दस्तावेज सत्यापन / साक्षात्कार के लिए बुलाये गये अभ्यर्थी यात्रा भत्ता के लिए पात्र नहीं हैं ।**

The applications will be scrutinized / screened and candidates will be called for document verification/interview and panel will be drawn based on the academic scores in Degree / Diploma ITI level & performance of the candidates in interview. The induction of apprentices against the vacant training positions will be made strictly based on their position in the panel. Selected candidates will be informed only by email. **Candidates shortlisted for document verification/ interview are not eligible for Travelling Allowance.**

For more job news visit : www.kpscvaani.com

5. राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एन ए टी एस) के लिए कैसे आवेदन करें How to apply for National Apprenticeship Training scheme (NATS):

वे अभ्यर्थी, जो उपर्युक्त आवश्यक अर्हता मानदंडों को पूरा करते हैं, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड द्वारा निर्धारित पात्रता के अनुसार एन ए टी एस पोर्टल में अपना नामांकन कर सकते हैं । प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की वेबसाइट **nats.education.gov.in** है । अभ्यर्थी को अपनी उम्मीदवारी दर्ज करते समय, डिग्री / डिप्लोमा / आई टी आई प्रमाणपत्र (जो भी लागू हो) और सरकार द्वारा जारी वैध आई डी अपलोड करना आवश्यक है । पोर्टल पर आवेदन के सफल पंजीकरण के बाद, एक नामांकन संख्या जनित की जाएगी और आवेदक को आबंटित की जाएगी । **नामांकन संख्या को आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्शाया जाना चाहिए।**

Those candidates who are fulfilling Essential Qualification criteria as mentioned above can enroll themselves in NATS Portal, subject to the eligibility prescribed by Board of Apprenticeship Training. The website for applying apprenticeship training is **nats.education.gov.in**. While enrolling one's candidature, candidate is required to upload Degree/Diploma/ITI Certificate (as applicable) and valid IDs issued by the government. After the successful registration of application over the portal, an Enrolment Number will be generated and allotted to the applicant. **The Enrolment number should compulsorily be indicated in the application form.**

6. साक्षात्कार का दिनांक व स्थान Date & Venue for Interview:

क्र. सं. Sl. no	**For Positions at**	**रिपोर्ट करने का केन्द्र Reporting Centre**	**साक्षात्कार का दिनांक Date of Interview**	**रिपोर्ट करने का समय Reporting Time**
01	Lucknow	ISTRAC, Lucknow Sector-G, Janakipuram, Kursi Road, Lucknow, Uttar Pradesh – 226021.	27-28 August 2026	08:30 AM
02	Sri Vijaya Puram (Port Blair)	ISTRAC, Sri Vijaya Puram Dollygunj, Sri Vijaya Puram, Andaman and Nicobar Islands Pin code: 744103.	03-04 September 2026	08:30 AM
03	Bengaluru	ISTRAC, Bengaluru Plot 12 &13, 3rd main, 2nd phase, Peenya Industrial Area, Bengaluru – 560058.	09-11 September 2026	08:30 AM

7. अभ्यर्थी उपरोक्त तालिका में उल्लेखित अनुसार संबंधित तैनाती के लिए साक्षात्कार हेतु रिपोर्टिंग स्थान को नोट करें और तदनुसार साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहें। साक्षात्कार/ तैनाती के स्थान के बदलाव के लिए किसी भी प्रकार के अनुरोध पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। Candidates should note the Reporting Place for Interview for respective posting as indicated in the table above and attend the Interview accordingly. No request to change place of Interview/place of postings shall be entertained.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

8. प्रशिक्षुओं के चयन हेतु अन्य निबंधन व शर्तें

Other Terms & Condition for selection of Apprentices:

- मात्र नियमित अभ्यर्थी के रूप में अर्हता परीक्षा पूरी करने वाले अभ्यर्थीआवेदन करने के लिए पात्र हैं । Those candidates who have completed the qualifying examination as regular candidates are only eligible to apply.

- पूर्व प्रशिक्षु अथवा प्रशिक्षु जो वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं अथवा जिन्हें प्रशिक्षुता में ज्वाइन करते समय सरकार/सार्वजनिक/निजी क्षेत्र में एक वर्ष या उससे अधिक अवधि का कार्य अनुभव है, उपर्युक्त प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए पात्र नहीं हैं। अन्य संस्थानों के साथ प्रशिक्षुता को जोड़ने की अनुमति नहीं है । Ex-Apprentices or Apprentices currently undergoing training or having job experience in Govt./Public/Private Sector for a period of one year or more as on date of joining as Apprentices are not eligible to be considered for the above Apprenticeship training. Combining of apprenticeship with other institutions is not permitted.

- चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 तथा संशोधित अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की संविदा का निष्पादन करना होगा । Selected candidates must execute a contract of Apprenticeship training as per the provision of the Apprentices Act, 1961 and Amendment Act of 1973.

- स्नातकों और डिप्लोमा अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण की अवधि **प्रशिक्षुता अनुबंध के निष्पादन की शुरूआत से 12 महीने की होगी ।** The period of training will be **12 months for Graduates, Diploma and ITI Candidates** commencing from execution of the Apprenticeship contract.

- चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षुता में प्रवेश के समय **"चिकित्सा स्वस्थता प्रमाण पत्र"** प्रस्तुत करना होगा । Selected candidates have to submit the **"Medical Fitness certificate"** at the time of joining.

- आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड तथा अन्य मानकों को पूरा करना सुनिश्चित करें । Before applying, the candidates should ensure that he/she fulfill the eligibility criteria and other norms mentioned in this advertisement.

- प्रशिक्षु इस प्रशिक्षण अवधि को पूरा करने के बाद भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन अथवा भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन/अन्तरिक्ष विभाग के कोई अन्य केन्द्र/यूनिटों में नियमित रोज़गार के लिए कोई दावा, जो कुछ भी हो, नहीं कर सकते । The apprentices will have no claim, whatsoever, for regular employment in Indian Space Research Organization or any other Centers /Units of Indian Space Research Organization/ Department of Space after completion of the training period.

- पाठ्यक्रम भारत के किसी भी विश्वविद्यालय/राज्य बोर्डों में मान्यता प्राप्त होने चाहिए । Courses should be recognized by any University in India / State Boards.

- अभ्यर्थियों द्वारा किया गया सैंडविच पाठ्यक्रम, प्राप्त की गई प्राइवेट डिग्री, उत्तीर्ण अल्पावधि/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम अथवा किए जा रहे उच्च अध्ययन (जैसे कि डिप्लोमा धारकों के मामले में बी ई/बी टेक और स्नातकों के मामले में एम ई/एम टेक आदि), स्वीकार्य नहीं है ।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

The candidates who have passed sandwich courses, obtained private degree, short term/certificate courses, etc. or candidates pursuing higher studies (Example: B.E./B. Tech. in case of Diploma holders & M.E./M. Tech in case of Graduates, etc.,) are not acceptable.

- केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं । Only Indian Nationals need to apply.

- अभ्यर्थियों का पैनल में रखना/सूचीबद्ध करना ई मेल संप्रेषण में दी गयी सूचना के आधार पर होगा । किसी भी चरण में अभ्यर्थी के नाम, आयु, डिप्लोमा/स्नातक प्रतिशत तथा उत्तीर्ण वर्ष, जाति/जनजाति आदि में कोई विसंगति पायी जाती है, तो, इसे अभ्यर्थी की अनर्हता मानी जाएगी और अभ्यर्थी प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए कोई दावा नहीं कर सकेगा/सकेगी । Empanelment/Short listing of candidates will be on the basis of information furnished in the email communication. If there is any discrepancy is found in name, age, Diploma/Degree percentage & year of passing, caste/tribe, etc., at any stage, it will be considered as disqualification of the candidature and the candidate will have no claim for Apprenticeship training.

- अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन के समय सभी संगत मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा (जन्म तिथि का प्रमाण, सभी शैक्षणिक अर्हता की अंक सूचियाँ, विवरण/प्रमाण पत्र, जाति/जनजाति/ निर्धारित प्रपत्र में विकलांगता प्रमाण पत्र आदि), ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी को प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए अनर्ह माना जाएगा । Candidates will have to produce all the relevant documents in original (proof for date of birth, marks sheets, testimonials & certificates of all educational qualification, caste/tribe/disability certificate, etc., in prescribed format) during document verification, failing which the candidate will be considered disqualified for Apprenticeship training.

Sd/-

प्रशासनिक अधिकारी Admin. Officer